# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 17.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति ने डी. गुकेश, मनु भाकर, हरमनप्रीत सिंह और प्रवीण कुमार को खेल रत्न से किया सम्मानित, झारखंड की बेटी और हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे अर्जुन पुरस्कार से नवाजी गयीं।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का किया उद्‌घाटन, कहा– विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मोबिलिटी सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका।**
3. **सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डा. एल मुरुगन पश्चिमी सिंहभूम जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की कर रहे हैं समीक्षा, आईटीआई जगन्नाथपुर और केज फिशरीज–करंजिया का किया निरीक्षण।**
4. **राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में आज दूसरे दिन भी हो रही है बजट पूर्व संगोष्ठी, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति और समाज कल्याण समेत कई विभागों की योजनाओं पर चर्चा जारी।**
5. **राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने धनबाद में एसएनएमएमसीएच का किया निरीक्षण, व्यवस्था में सुधार की जतायी प्रतिबद्धता।**

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, पेरिस ओलिंपिक्स में दो पदक विजेता मनु भाकर, पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतिष्ठित मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पिछले चार वर्ष में खिलाडियों के शानदार और सर्वाधिक असाधारण खेल प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। पैरा निशानेबाज कोच सुभाष राणा, निशानेबाज कोच दीपाली देशपांडे, हॉकी कोच संदीप सांगवान, बैडमिंटन कोच एस. मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमान्डो एग्नेलो कोलाको को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया गया। झारखंड की बेटी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, एथलीट ज्योति यरराजी और अन्नू रानी, मुक्केबाज नीतू और स्वीटी, पैरा तीरंदाज राकेश कुमार सहित 32 खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एथलीट सुच्चा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत पेटकर को लाइफ टाइम अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में समग्र रूप से शीर्ष प्रदर्शन करने के लिए चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी प्रदान की गई।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का उद्‌घाटन किया। भारत मंडपम में आयोजित यह देश का सबसे बड़ा मोबिलिटी एक्सपो है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत में मोबिलिटी सेक्टर का दायरा लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में महती भूमिका अदा कर रहा है।

********************

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डा. एल मुरुगन पश्चिमी सिंहभूम जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा कर रहे हैं। अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज उन्होंने आईटीआई जगन्नाथपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने केज फिशरीज–करंजिया का भी भ्रमण किया। डा. मुरुगन किरिबुरु स्थित सेल खदान का भी आज निरीक्षण करने वाले हैं। मौके पर उन्होंने कहा कि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में आज दूसरे दिन भी रांची में बजट पूर्व संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा, खाद्य आपूर्ति और समाज कल्याण समेत कई विभागों की योजनाओं पर चर्चा जारी है। इसके अलावा जनता से मिले सुझावों पर भी मंथन किया जा रहा है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने इस बार जन आकांक्षाओं को केन्द्र में रख कर राज्य का बजट तैयार करने का फैसला किया है।

********************

एक भारत–श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत आज उत्तराखंड के युवाओं ने रांची में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। देशव्यापी युवा संगम कार्यक्रम के तहत आये इन युवाओं से राज्यपाल ने संवाद किया। युवाओं ने राजभवन का भ्रमण भी किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं के दूसरे राज्यों की सांस्कृतिक और शैक्षणिक विरासत को समझने का मौका मिलता है।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य सर्वेक्षण के लिए उन्नत ड्रोन तकनीक के माध्यम से घरों को अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना  है। यह संपत्ति मुद्रीकरण की सुविधा प्रदान करने के साथ ही बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण तक पहुंच को सुगम बनाता है। इसके अलावा संपत्ति से संबंधित विवादों को कम करता है और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर संपत्ति मूल्यांकन तथा संपत्ति कर संग्रह में सहयोग देता है।

********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की सुपर स्पेशलिटी बिल्डिंग, पीजी ब्लॉक और कैथ लैब का जायजा लिया और पारा मेडिकल छात्र–छात्राओं, जीएनएम नर्सिंग की छात्र–छात्राओं एवं मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं एमबीबीएस के छात्रों से संवाद किया और समस्याओं को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह भी मौजूद थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि एसएनएमएमसीएच में बेड की संख्या बढ़ायी जायेगी। उन्होंने धनबादवासियों को बहुत जल्द सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की सौगात देने की भी बात कही।

********************

गोड्डा शहर का हर्ट प्लेस कहा जाने वाला कारगिल चौक में बने टावर का सौन्दर्यकरण किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

वहीं, हॉकी इंडियन लीग में आज राउरकेला में दिल्ली एसजी पाइपर्स और जे.एस.डब्ल्यू. सूरमा हॉकी क्लब की महिला टीमों के बीच मुकाबला होगा। यह मैच रात सवा आठ बजे शुरू होगा। इससे पहले कल रांची में ओडिशा वारियर्स ने पेनाल्टी शूटआउट में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को तीन–दो से हराया।

*******समाप्त********